# रेलवे के सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर उठे सवाल

**केवलारी नवभारत। केवलारी में रेलवे अंडर ब्रिज से बिनेकी को जोड़ने वाले मार्ग का निर्माण रेल्वे विभाग द्वारा कराया जा रहा है जिसकी गुणवत्ता को लेकर अब सवाल खड़े हो रहे हैं। निर्माण स्थल में सड़क का बेस पूरी तरह तैयार होने से पहले ही कीचड़ बजबजा रहा है और चिकनी मिट्टी और नमी वाली सतह पर निर्माण कार्य किए जाने की तैयारी है।**

मौके पर श्रमिक सड़क को समतल करते दिखाई दे रहे हैं, जबकि जमीन पर नमी और चिकनी मिट्टी के साथ बजबजाता कीचड़ दिखाई दे रहा है ऐसे में सवाल उठता है कि क्या सड़क निर्माण से पहले निर्धारित

### कीचड़ और चिकनी मिट्टी पर ही सड़क निर्माण

तकनीकी प्रक्रिया के अनुसार कमजोर एवं चिकनी मिट्टी को हटाकर पर्याप्त मजबूत बेस तैयार किया गया है या नहीं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि गीली और चिकनी मिट्टी के ऊपर सीधे सड़क निर्माण किया गया तो शुरुआती दौर में सड़क भले ही तैयार दिखाई दे, लेकिन बारिश के बाद इसके धंसने, उखड़ने और जगह-जगह गड्ढे बनने की आशंका बनी रहेगी। इससे सड़क की उपयोगिता और टिकाऊपन प्रभावित हो सकता है।

लोगों का कहना है कि रेलवे जैसे महत्वपूर्ण विभाग द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य में गुणवत्ता की जांच निर्माण पूरा होने के बाद नहीं,



बल्कि निर्माण के प्रत्येक चरण में की जानी चाहिए ताकि बाद में सड़क खराब होने पर मरम्मत के नाम पर अतिरिक्त सरकारी राशि खर्च न हो।

स्थानीय नागरिकों ने रेलवे के जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की है कि मौके पर तकनीकी अधिकारियों की टीम भेजकर सड़क निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री, बेस की स्थिति, मोटाई एवं कम्पैक्शन की जांच कराई जाए।

साथ ही निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मापदंडों के अनुरूप होने की स्थिति स्पष्ट की जाए।

> **मानकों की अनदेखी का आरोप**
> निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की मजबूती के लिए बेस की गुणवत्ता, सामग्री की मोटाई, उचित कम्पैक्शन और जल निकासी जैसी तकनीकी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। लेकिन मौके पर निर्माण की गुणवत्ता और प्रक्रिया को लेकर कई सवाल खड़े कर रही हैं।

अब देखने वाली बात यह होगी कि रेलवे के जिम्मेदार अधिकारी मौके पर दिखाई दे रही निर्माण स्थिति को लेकर क्या कदम उठाते हैं और क्या सड़क निर्माण की गुणवत्ता की स्वतंत्र तकनीकी जांच कराई जाती है।

# नीट-जेईई की नि :शुल्क कोचिंग का शुभारंभ





**सिवनी नवभारत।** जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं नीट-जेईई की बेहतर तैयारी का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी में निःशुल्क ऑनलाइन एवं ऑफलाइन कोचिंग कक्षाओं का शुभारंभ 8 अगस्त को पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी के मुख्य आतिथ्य व एडिशनल एस पी दीपक मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने शिक्षा के क्षेत्र में इस महत्वपूर्ण पहल के प्रति उत्साह व्यक्त किया। और सब की कृपा से जिले के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए यह निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है ।शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी के प्राचार्य महेश गौतम ने बताया कि जिले में बड़ी संख्या में ऐसे अभिभावक एवं विद्यार्थी हैं, जो महंगी कोचिंग का खर्च वहन करने की स्थिति में नहीं हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए विद्यालय द्वारा यह अभिनव पहल शुरू की गई है। इसका उद्देश्य उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ-साथ जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बिना किसी वित्तीय बोझ के हश्वश्वज्ञ एवं छ्वश्वश्व की निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराना है।

कोचिंग का लाइव प्रसारण विद्यालय में स्थापित स्टूडियो कक्ष से किया जाएगा। विद्यालय के विद्यार्थी स्टूडियो कक्ष में उपस्थित होकर ऑफलाइन अध्ययन कर सकेंगे, जबकि अन्य विद्यालयों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यम से कक्षाओं से जुड़ सकेंगे। कक्षाएं प्रतिदिन शाम 3.30 बजे से 4.30 बजे तक संचालित होंगी। यह कोचिंग कक्षा 12वीं के गणित एवं जीवविज्ञान संकाय के विद्यार्थियों के लिए संचालित की जाएगी।

शासकीय और निजी विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए अवसरकोचिंग प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थियों की जानकारी के लिए संबंधित विद्यालयों को गूगल शीट उपलब्ध कराई गई है, जिसके माध्यम से विद्यार्थी अपनी जानकारी भरकर पंजीयन करा सकते हैं।

इस निःशुल्क कोचिंग में शामिल होने के लिए विद्यार्थी के शासकीय अथवा निजी विद्यालय में अध्ययनरत होने की कोई बाध्यता नहीं है ।कोचिंग के दौरान विषयों के अध्यापन के साथ समय-समय पर विद्यार्थियों को टेस्ट पेपर भी हल करने के लिए दिए जाएंगे, जिससे उनकी परीक्षा की तैयारी का नियमित मूल्यांकन किया जा सके।

## चमारी मार्ग खस्ता हाल होने पर लोगों ने की सुधार की मांग

**छपारा नवभारत।** नगर से चमारी होते हुए आदेगांव पहुंच मार्ग का हाल वर्तमान समय में बरसात के दिनों में सड़क मार्ग खस्ता हाल स्थिति में पहुंच गया जिसको लेकर चमारी क्षेत्र लोगों ने इसको जल्द सुधार की मांग की है। चमारी क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान समय में बारिश के चलते उक्त मुख्य मार्ग जो की रात दिन जिसमें बड़ी संख्या में आवागमन रहता है उसे देखकर कोई भी व्यक्ति हैरान रह जाएंगे सड़क पर जगह-जगह इतने बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं कि सड़क कम और गड्ढे ज्यादा नजर आ रहे हैं। वाहन चालक इन गड्ढों से बचने के लिए सड़क पर इधर उधर वाहन काटकर निकालने को मजबूर हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस बदहाल सड़क के कारण आए दिन वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है और हादसों की आशंका भी बनी रहती है। वहीं सबसे बड़ा सवाल यह है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनी इस सड़क की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? जब सड़क की हालत इतनी खराब है तो जिम्मेदार अधिकारी मौके पर



पहुंचकर निरीक्षण क्यों नहीं कर रहे? क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क की तत्काल जांच कराकर गड्ढों की मरम्मत कराई जाए।

### एक नजर में

#### राजवीर ने जीते चार गोल्ड

**सिवनी।** कुंवर राजवीर सिंह चौहान ने इंदौर में आयोजित द्वितीय रायफल शूटिंग चैम्पियनशिप की अलग अलग कैटेगरी में 4 गोल्ड 3 सिल्वर और 1 ब्रांज मेडल जीतकर सिवनी का नाम रोशन किया है।



सनद रहे कि शूटर राजवीर शहर के प्रतिष्ठित व्यवसाई अखिलेश चौहान के पुत्र हैं। जो इसके पहले भी कोई टूर्नामेंट में मेडल जीत चुके हैं।

#### विधायक दिनेश राय ने कार्यक्रमों में की सहभागिता



सिवनी। सोमवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने नगर मे आयोजित अनेक कार्यक्रमों मे सहभागिता किया। आज भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने जिला प्रशासन द्वारा आयोजित नगर के एमएलबी स्कूल मार्ग से निकाली गयी तिरंगा यात्रा मे सहभागिता कर हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर श्रीमती मालती डहेरिया अध्यक्ष जिला पंचायत, ज्ञानचंद सनोडिया अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, आशीष सोनी, जिला कलेक्टर नेहा मीना, अंजली शाह सीईओ जिला पंचायत सहित अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। इसके पश्चात विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने छिंदवाड़ा चौक पहुंचकर दिव्य एवं आध्यात्मिक शंकराचार्य स्तंभ में लगाए जा रहे अष्ठधातु पत्रक को देखा। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन मिशन स्कूल ग्राउंड, सिवनी में आयोजित एसपीएल चैम्पियन ट्रॉफी इंडिपेंडेंट्स कप फुटबॉल टूर्नामेंट के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप मे सम्मिलित होकर फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया।

## तिरंगे को लेकर प्रश्न मंच में खिलाड़ियों ने दिये जवाब

**सिवनी नवभारत।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर घर-घर तिरंगा अभियान के तहत जिला खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में एस्ट्रो तरफ मैदान में प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में तिरंगे के महत्व को लेकर प्रश्न पूछे गए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला खेल अधिकारी मनु धुर्वे एवं अब्दुल हक संगीता, फैसल खान संजय जैन नितेश पद्माकर की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ इस दौरान उपस्थित खिलाड़ियों से ध्वज का महत्व ध्वज के रंग ध्वज का राष्ट्र हित में महत्व राष्ट्रीय ध्वज का आकार जैसे अनेक प्रश्नों के माध्यम से देशभक्ति से जोड़ने का प्रयास किया गया सभी उपस्थित हां की कबड्डी वालीबाल सहित अनेक



खेल से जुड़े खिलाड़ियों ने इसका उत्तर दिया सभी खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर खेल अधिकारी मनु धुर्वे ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज हमारे देश की शान है और हमें इस पर गर्व है हर व्यक्ति को राष्ट्रीय हित में इसका सम्मान करना देश का सम्मान है देश के सैनिक राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में 24 घंटे सरहद पर पहरा देते हैं और हमारे देश की शान को बढ़ाते हैं भारत के हर नागरिक के लिए राष्ट्रीय ध्वज हमें राष्ट्रभक्ति से जोड़ता है।

## एआईएसओ लखनादौन की मासिक बैठक आयोजित

**सिवनी नवभारत।** एआईएसओ संगठन लखनादौन की प्रतिमाह 10 तारीख को आयोजित होने वाली निर्धारित मासिक बैठक सोमवार 10 अगस्त को संपन्न हुई। बैठक में पीएसीएल निवेशकों के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए लोढ़ा कमेटी के मार्गदर्शन में सेबी द्वारा जारी सेबी पोर्टल एवं उससे संबंधित आवश्यक जानकारी उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ साझा की गई।

बैठक में संगठन की वर्तमान गतिविधियों, निवेशक हित में किए जा रहे प्रयासों तथा आगामी रणनीति को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने तथा पीएसीएल निवेशकों को

### पीएसीएल निवेशकों को सेबी पोर्टल की जानकारी दी



आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने का आह्वान किया।

इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय महासचिव श्याम कुमार सोनी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम चंद्रवंशी, प्रदेश कोषाध्यक्ष शिवकुमार झारिया, प्रदेश संगठन मंत्री अरुण चोकसे, जिला अध्यक्ष मनमोहन सनोडिया, ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार झारिया, रामसिंह डेहरिया, संदीप कुशवाहा सहित जिला व ब्लॉक कमेटी के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा निवेशकों के हित में निरंतर सक्रियता बनाए रखने का संकल्प लिया गया।



## छपारा में जीतू पटवारी का किया गया जोरदार स्वागत
### उपचुनाव और भ्रष्टाचार पर मोहन सरकार को घेरा

**छपारा नवभारत।** सोमवार सुबह छपारा नगर के बायपास चौराहे पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का नगर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर जोरदार स्वागत किया। बताया जा रहा है कि जबलपुर से छिंदवाड़ा जाते समय पटवारी का स्वागत किया गया। इस दौरान जीतू पटवारी ने उपचुनाव और मध्य प्रदेश में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर मोहन सरकार पर गंभीर आरोप लगाए और सरकार को जमकर घेरा। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुलाब, साहू ठाकुर जयकेश सिंह ठाकुर, सिहाब खान (बड़े बाबा), अंकित गोलू ठाकुर प्रभात सिंह ठाकुर ,आरिफ पटेल, आदित्य सिंह रमेश चौहान सुरजीत सिंह दीपू जैन धनलाल गज़्ज़ाम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बागरी समाज की बैठक में शिक्षा, नशामुक्ति और युवाओं के भविष्य पर मंथन

**केवलारी नवभारत।** 9 अगस्त को बागरी मंगल भवन केवलारी में बागरी समाज की महत्वपूर्ण बैठक में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर समाज की वर्तमान स्थिति, शिक्षा, युवा पीढ़ी के भविष्य, नशामुक्ति तथा रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों को लेकर विस्तार से चर्चा की। जिसमें समाज के युवा वर्ग को आने वाली चुनौतियों के लिये वर्तमान समय में सभी को अपनी भूमिका निभानी होगी।

बैठक में बागरी समाज के वरिष्ठ जनों में श्री देवीसिंग बागरी, सुभाष बागरी, काशीराम बागरी, सुरेन्द्र बागरी, निरंजन सिंह बागरी , उत्तम सिंह बागरी,राजकुमार बागरी, अनूप बागरी, मुकेश बागरी, दिलीप बागरी, पवन बागरी, संजय बागरी, प्रफुल्ल बागरी, संतोष बागरी, गोवर्धन बागरी एवं छोटू बागरी सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि



समाज की नई पीढ़ी को सही दिशा एवं मार्गदर्शन देना आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बच्चों को उनकी रुचि एवं प्रतिभा के अनुसार शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

समाज के अनेक बच्चों ने शिक्षा एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल कर बागरी समाज का नाम रोशन किया है। ऐसे प्रतिभावान बच्चों एवं उनके अभिभावकों को सम्मान एवं प्रोत्साहन देने के साथ-साथ अन्य परिवारों को भी उनसे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

बैठक में विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा में बढ़ती भागीदारी की सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि समाज की बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रही हैं, वहीं युवाओं में विशेषकर लड़कों को भी शिक्षा एवं कैरियर के प्रति गंभीरता दिखाते हुए आगे आने की आवश्यकता है।

समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया कि नशा युवा पीढ़ी के भविष्य के साथ-साथ पूरे परिवार और समाज को नुकसान पहुंचाता है।

इसके लिए समाज के सभी लोगों को मिलकर जागरूकता लाने हेतु सतत प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। भविष्य में आने वाली चुनौतियों का समाधान हेतु एकजुट होकर सहभागी बनने की आज की नितांत आवश्यकता है।

# महाकाव्य मूकमाटी का वाचन शुरू

**लखनादौन नवभारत।** आचार्य प्रवर श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज द्वारा रचित मूकमाटी महाकाव्य के भावानुवाद उपाश्रम की छाव की बाचना में शुरू, पूज्य मुनि श्री 108 निर्वेगसागर जी महाराज मैं अपने मांगलिक उद्बोधन में बताया। शिखर को छूना चाहते हो तो, पुरुषार्थ पूर्वक ऊपर चढ़कर जाना होगा। हाँ हाँ, यह बात मैं भी स्वीकारती हूँ कि बिना समीचीन श्रद्धा के सन्मार्ग का मिलना संभव नहीं। बिना जड़ के उपरिल भाग (तना, फल आदि) का होना, जैसे संभव नहीं, उसी प्रकार सम्यग्दर्शन के बिना सम्यक् चारित्र का होना भी संभव नहीं। किन्तु क्या कभी जड़ में फल-फूल लगे हैं? फल-फूल तो पेड़ के ऊपरी भाग में ही लगते हैं।

किन्तु बेटा सन्मार्ग पर चलना, जीवन में चारित्र को अंगीकार करना खेल मत समझना। भव-भव में जब पुरुषार्थ किया जाता है, चारित्र ग्रहण करने की भावना भायी जाती है तब कहीं जाकर यह मुक्ति का पथ मिलता है। और यह



भी समझ लेना होगा कि समझदार, दमदार (मजबूत, ताकतवर) व्यक्ति भी क्यों न हो, काई लगे पाषाण पर यदि पैर रखता है तो उसका पैर भी फिसलता ही है। फिर साधना के प्राथमिक चरण में, दृढ़ आस्थावान पुरुष भी क्यों न हो ? फिसलन की, पदच्युत होने की पूरी-पूरी सम्भावना बनी रहती है। कारण, इस आत्मा पर अनादिकालीन राग-द्वेष-मोहरूप विकृत (बुरे) परिणामों का संस्कार जो रहा। प्राथमिक दशा ही नहीं, निरन्तर अभ्यास के बाद भी स्खलन (फिसलना, हटना) संभव है। जैसे प्रतिदिन रोटी बनाने वाले पाक शास्त्री की भी पहली रोटी लगभग कडी और जली-सी बनती है। पुरुषार्थ, मेहनत से कभी भयभीत नहीं होना और ना ही प्रमाद (अच्छे कार्यों में उत्साह नहीं होना, आलस्य करना) करना। साधना पथ पर चलते-चलते कभी ऐसी चढ़ाई भी आ सकती है, जिसमें श्रेष्ठ समता-साधक भी विषमता (साम्य परिणामों से विपरीत अवस्था) को स्वीकार कर लेता है। पथिक सत्पथ से भटक जाता है, साधक दुख की अनुभूति करने लग जाता है, साधना पथ को छोड़ने का मन बना लेता है। फिर ऐसी दशा में समीचीन चारित्र रूपी चिड़िया उड़ जायेगी एवं क्रोध की बुढ़िया अपना जोर दिखाने लगेगी। असंयमित जीवन में तब अनर्थ ही अनर्थ शेष बचेगा।

परम पूज्य गुरुदेव के नगर में चातुर्मास से यहां पर नित्य अभिषेक पूजन शांति धारा धार्मिक क्लास का आयोजन बड़ी श्रद्धा भक्ति से किया जा रहा है, धर्म सभा में सकल दिगंबर जैन समाज के सभी वर्गों के लोग पहुंचकर धर्म लाभ ले रहे हैं।

**प्रतियोगिता** — मॉडर्न हायर सेकेंडरी स्कूल में लगातार कई वर्षों से किया जा रहा है आयोजन

# शालेय शतरंज प्रतियोगिता में 200 विद्यार्थियों ने की सहभागिता

**सिवनी नवभारत। जिला स्तरीय शालिये शतरंज बालक बालिका प्रतियोगिता मॉर्डन हायर सेकेंडरी स्कूल में सम्पन्न हुई इस प्रतियोगिता में सिवनी बरघाट केवलारी विकासखंड के लगभग 200 विद्यार्थी ने सहभागिता दी शतरंज प्रतियोगिता में बालक वर्ग में 6 राउंड, बालिका वर्ग में 5 खेले गये।**

मनीष मिश्रा खेल शिक्षक ने बताया कि जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती जस्सी थॉमस एवं शाला की प्रचार्या डॉ श्रीमती वंदना तिवारी डायरेक्टर जनक तिवारी जिला शतरंज संघ के सचिव श्रवण साहू, देवेंद्र ठाकुर सर, संतोष चौबे, संतोष








अग्रवाल के साथ ही अन्य व्यायाम शिक्षक की उपस्थिति में यह प्रतियोगिता सम्पन्न हुई जिलास्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन मॉडर्न हायर सेकेंडरी स्कूल में लगातार कई वर्षों से किया जा रहा है या प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार खिलाया जाता है।

> **इनकी रही उपस्थिति**
> इस प्रतियोगिता में आर्बिटर अतुल श्रीवास्तव,आशीष दीक्षित प्रेम श्रीवास्तव सुनील मस्कोले मीनाक्षी मेश्राम अनिल राजपूर सर राजवीर ठाकुर शिवस गुप्ता,अनिल परमार आकाश, सोनी मनीष चौरसिया सोहन सेन निषाद खाना शेखर चौधरी नीलेश सेन अरविंद चंद्रवाशी मनीष कमलेश नीलेश चौरे,एवं मॉडर्न हॉयर सेकेंडरी स्कूल का समस्त स्टाफ का योगदान सराहनीय रहा इस प्रतियोगियों में चयनित विद्यार्थी को जिला शिक्षा अधिकारी जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रचार्या मॉडर्न हॉयर सेकेंडरी स्कूल एवं वरिष्ठ खिलाड़ी की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की है ।

## रेड स्टार 3-1 से विजयी, इंडिपेंडेंस फुटबॉल टूर्नामेंट



**सिवनी नवभारत।** एसपीएल इंडिपेंडेंस कप फुटबॉल टूर्नामेंट मिशन स्कूल के मैदान में खेला जा रहा है। टूर्नामेंट का शुभारम आज दो मैचो के साथ हुआ । सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने फुटबॉल में किक लगाकर प्रतियोगिता का आगाज किया। पहला मैच आजाद क्लब बी और रब्बानी सिवनी के मध्य खेला गया। दोनों ओर से खिलाड़ियों ने कड़ी टक्कर दी। जिससे यह मुकाबला बराबरी पर खत्म हुआ। दोनों टीम को एक एक अंक दिए गए। कल भी दोपहर 1.30 बजे से 3 मैच खेले जाएंगे। पहला ब्रदर्स एवं आदेगांव, दूसरा जयारत एवं महाकाल, तीसरा बॉयज स्पोर्ट्स और कानहीवाडा के मध्य खेला जाएगा। दूसरा मैच रेड स्टार और केवलारी बीच खेला गया। जिसमें में रेड स्टार 3 -1 से विजयी रही। जिसने पहले हाफ में ही दो एक से बढ़त बना ली थी। दूसरे हाथ में यह बढ़त 3-1 पर खत्म हुई। दो गोल मारने वाले तनिष टाप स्कोरर रहे। एक गोल रुपेश के नाम रहा। केवलारी की ओर से एकमात्र गोल चेतन जगेला ने किया। यह टूर्नामेंट ओपन एवं वेटरन्स वर्ग में खेला जा रहा है।

### नाम सुधार सूचना

मैं शपथकर्ता महेन्द्र कुमार उक्के उम्र 50 वर्ष पिता श्री रमनलाल उक्के जाति महार निवासीग्राम पखारा, तहसील बरघाट, म.प्र. जिला सिवनी, का निवासी हूं जो निम्नानुसार शपथपूर्वक हल्पनीय ब्यान करता / करती हूं कि :- 1. यह कि, मैं शपथकर्ता उपरोक्त पते का/का स्थाई निवासी हूँ। 2. यह कि, मेरी भांजी नाबालिग कुमारी खुशबू भालेकर (KHUSHBOO BHALEKAR) पिता स्वर्गीय श्री रविन्द्र भालेकर, माता स्वर्गीय सुरेखा भालेकर जाति महार स्थायी निवासीग्राम मगरकठा, तहसील बरघाट जिला सिवनी, म.प्र. हॉल मुकाम पखारा तहसील बरघाट जिला सिवनी, म.प्र. की स्थायी निवासी है। पिता व माता की मृत्यु उपरांत से ही भांजी मेरे साथ मेरे पते पर निवास करती है। वर्तमान में मेरी भांजी के संरक्षक की हैसियत से यह शपथ पत्र पेश कर रहा हूँ। 3. यह कि, मेरी भांजी खुशबू भालेकर के समग्र आई डी एवं आधार कार्ड क्रमांक 7168 4987 6123 में नाम खुशबू भालेकर (KHUSHBU BHALEKAR) अंकित है जबकि भांजी के शाला अभिलेखो, जन्म प्रमाण पत्र मे नाम खुशबू भालेकर (KHUSHBOO BHALEKAR) अंकित है। 4. यह कि, मेरी भांजी खुशबू भालेकर अपने दस्तावेजो में नाम की अंग्रेजी स्पेलिंग में सुधार कर गलत नाम खुशबू भालेकर (KHUSHBU BHALEKAR) के स्थान पर सही नाम खुशबू भालेकर (KHUSHBOO BHALEKAR) दर्ज करवानी चाहती है। 5. यह कि, मेरी भांजी के नाम को आधार कार्ड में नाम सुधार हेतु पेपर गजट/राजपत्र हेतु अपने नाम के संबंध में दी गई जानकारी सत्य एवं सही है। जिससे मेरी भांजी का सभी शासकीय/अशासकीय/बैंक/संस्था/कार्यालय/फर्म/शाला अभिलेखो /दाखिल खारिज इत्यादि के सभी दस्तावेजो में खुशबू भालेकर (KHUSHBOO BHALEKAR) लिखा पढा एवं मान्य किया जावे।